# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 31.08.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 31.08.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी

**(3).** आज दिनाँक 31.08.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में उ0नि0 एलआईयू श्री शिव सागर तिवारी के नेतृत्व में डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा आज दिनांक 31.08.2024 को आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा

को सुचितापूर्ण, सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत जनपद के सभी 06 परीक्षा केंद्रों की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान परीक्षा केन्द्र सीआईसी, जीजीआईसी, गंगा प्रसाद इण्टर कालेज, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेड़ी पुलिया, जगद्गुरु दिव्यांग राज्य महाविद्यालय सीतापुर, सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इण्टर कालेज सीतापुर को स्थलीय भ्रमण कर सघन चेकिंग की गयी।

**(4).** आज दिनाँक 31.08.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा जनपद में चल रही द्वितीय चरण की उ0प्र0 पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को सुचितापूर्ण सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्रथम पाली परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र 1.जगतगुरु श्री रामभद्राचार्य राजकीय दिव्यांग विश्वविद्यालय 2. सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इण्टर कॉलेज सीतापुर 3.गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेडी पुलिया 4. गंगा प्रसाद इण्टर कॉलेज 5. चित्रकूट इण्टर कॉलेज 6. राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज का औचक निरीक्षक कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। ड्यूटी पर तैनात अधि0/कर्मचारीगण को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया।
भ्रमण के दौरान क्षेत्राधिकारी मऊ श्री जय करन सिंह,पुलिस केन्द्र प्रभारी व पीआरओ प्रवीण सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(5).** आज दिनाँक 31.08.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा जनपद में चल रही द्वितीय चरण की उ0प्र0 पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को सुचितापूर्ण सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्रथम पाली परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र 1.श्री रामभद्राचार्य राजकीय दिव्यांग विश्वविद्यालय 2. पोद्दार इण्टर कॉलेज का औचक निरीक्षक कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। ड्यूटी पर तैनात अधि0/कर्मचारीगण को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया।
भ्रमण के दौरान पुलिस केन्द्र प्रभारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में मादक पदार्थ की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री मनोज कुमार के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री रमेश चन्द्र तिवारी एवं उनकी टीम द्वारा अभियुक्त तमीम पुत्र अजीज खां निवासी ग्राम रायपुर थाना राजापुर जनपद चित्रकूट उम्र 29 वर्ष को 03 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**<u>बरामदगीः-</u>**

03 किलो गांजा

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीमः-</u>**

1.उ0नि0 श्री रमेश चन्द्र तिवारी थाना राजापुर
2.आरक्षी लवकुश यादव
3.आरक्षी अजय मिश्रा

**(7).** आज दिनाँक 31.08.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

**(8).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री मनोज कुमार के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री कन्हैया बक्श सिंह तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त
सलमान पुत्र रोशन निवासी ग्राम रायपुर थाना राजापुर जनपद चित्रकूट उम्र 20 वर्ष को 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 03/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**<u>बरामदगीः-</u>**

02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीमः-</u>**

1.उ0नि0 श्री कन्हैया बक्श सिंह थाना राजापुर जनपद
2.उ0नि0 श्री कृष्णदेव मिश्र
3.आरक्षी उज्ज्वल पाण्डेय
4.आरक्षी बुद्धसेन विक्रम

**(9).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री मनोज कुमार के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री इमरान खान तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त शेरू पुत्र सब्बीर खान निवासी ग्राम रायपुर थाना राजापुर जनपद चित्रकूट उम्र 20 वर्ष को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**<u>बरामदगीः-</u>**

15 लीटर कच्ची देशी शराब महुवा

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीमः-</u>**

1.उ0नि0 श्री इमरान खान थाना राजापुर
2.आरक्षी प्रकाश मिश्रा

**(10).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ श्री राकेश मौर्या के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री इकरान खां तथा उनके हमराही आरक्षी संजीव कुमार, आरक्षी हिमान्शु पटेल द्वारा मु0अ0सं0 81/24 धारा 2/3 गैंगेस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त कमल सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह निवासी माढ़ा कटरा थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया।

**(11).** आज दिनाँक 31.08.2024 को पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह की अध्यक्षता में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की उपस्थिति में पुलिस विभाग में अपनी सेवा पूर्ण करने वाले 01 उपनिरीक्षक रेडियो शाखा व 01 ऐच्छिक सेवानिवृत उपनिरीक्षक की विदाई समारोह का आयोजन किया गया । इस दौरान पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे उ0नि0 नागरिक पुलिस श्री इंदल सिंह व उ0नि0 रेडियो शाखा श्री कन्हैयालाल को माला पहनाकर, प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी। इस दौरान सेवानिवृत्त हो रहे उपनिरीक्षक मौके पर उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण को हल्का नास्ता करवाकर मुंह मीठा कराया गया। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा सेवानिवृत हो रहे उपनिरीक्षकों से कहा गया कि वह घर जाकर अपने स्वास्थ्य का

ध्यान रखें एवं निरन्तर व्यायाम करते रहें, अपने जीवन का अमूल्य समय विभाग को दिया है, मैं समस्त पुलिस विभाग की ओर से आपके सुखद जीवन एवं परिवार की तरक्की की मनोकामना करता हूं।

इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण, आई रेडियो श्री रविन्द्र कुमार पटेल, पीआरओ श्री प्रदीप पाल एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(12).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ श्री राकेश मौर्या द्वारा एक संगठित गिरोह बनाकर अपनी गैंग को आर्थिक एवं भौतिक एवं बुनियादी लाभ प्राप्त कराने हेतु आपराधिक षडयंत्र कर जनता से बेईमानी कर धोखाधड़ी जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्त 1.गैंग लीडर बालम उर्फ देवेशपति द्विवेदी पुत्र अवधेश चंद्र द्विवेदी निवासी ग्राम डेराबरी थाना लालापुर जनपद प्रयागराज हाल मुकाम वार्ड नंबर 10 राजा कोठी थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज 2.कमल सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह निवासी माढ़ा कटरा थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज की विरुद्ध धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की गई।

**(13).** आज दिनाँक 31.08.2024 को जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी.एन. एवं पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह ने भाद्रपद मास की सोमवती अमावस्या मेले की तैयारी को लेकर रामघाट, खोही का स्थलीय निरीक्षण किया। बताते चले की भाद्रपद मास की सोमवती अमावस्या 2 सितंबर 2024 को होगा जिसमें 12 से 15 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना बताई गई है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देशित किया कि पूरे रामघाट में वैरीकेटिग के साथ-साथ ड्रम भी लगे जिससे कि श्रद्धालु अंदर न जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जो वोट व नाविक लगेंगे वह प्रशिक्षित होना चाहिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि पूरे मेले में साफ सफाई बनी रहनी चाहिए पशुओं का आवागमन नहीं होना चाहिए यह सुनिश्चित कराए, जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि खोया पाया केंद्र सुचारू रूप से चलता रहना चाहिए कहा कि सीसीटीवी कैमरा जो संचालित नहीं है उसे तत्काल सही कराए, उन्होंने यह भी कहा कि मेले में प्रकाश की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए एवं बैकअप के रूप में जनरेटर भी लगे। उन्होंने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देशित किया कि रामघाट पर जो लाइट के लिए केविल बिछाने के लिए खोदी गई है उसे तत्काल सही कराए उन्होंने कहा कि रामघाट पर जो पत्थर टूटे -फूटे हैं उसे सही कराए कहा कि जो रामघाट का प्रवेश द्वार बन रहा है उसके पोल को बैरिकेटिंग कराए। उन्होंने उप जिला अधिकारी कर्वी को भी निर्देशित किया कि रामघाट के पास जो ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं दुर्घटना से बचने के लिए उसे कहीं शिफ्ट कराए एवं उन्होंने यह भी कहा कि जो गेट बना रहे हैं उसे किसी प्रकार की कोई दुर्घटना न होनी चाहिए इसकी एफिडेविट जूनियर इंजीनियर से लें। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेला को शकुशल संपन्न करना हम लोगों का दायित्व है इसमें जिस विभाग को जो कार्य दिया गया है उसे मनोयोग से कराए मेले में किसी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाए, मेले में दूर दराज़ से आए श्रद्धालुओं को एक नया संदेश दें। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी कर्वी श्री सौरभ यादव, अधिशासी अभियंता सिंचाई श्री एस के प्रसाद, अधिशासी अधिकारी कर्वी श्री लाल जी यादव, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी श्री अनुपम श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**(14).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ श्री राकेश मौर्य के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री राजेंद्र प्रताप सिंह तथा उनकी टीम द्वारा सेमरा गांव के पास से पिकअप लोडर रजि0 नंबर यूपी0 96 टी 3524 में 09 भैंसों (02 भैंस, 03 पड़वा, 04 पड़िया) को क्रूरता पूर्वक लादकर ले जाते हुए अभियुक्त बबलू वर्मा पुत्र बदालू वर्मा निवासी अर्जुनपुर

मजरा खण्डेहा थाना मऊ जनपद चित्रकूट व अनीश खां पुत्र ननकू खां निवासी लवेद माजरा खण्डेहा थाना मऊ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना बरगढ़ में मु0अ0सं0 80/2024 धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत किया गया। पिकअप लोडर को अंतर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों को विवरणः-**

1.बबलू वर्मा पुत्र बदालू वर्मा निवासी अर्जुनपुर मजरा खण्डेहा थाना मऊ जनपद चित्रकूट

2.अनीश खां पुत्र ननकू खां निवासी लवेद मजरा खण्डेहा थाना मऊ जनपद चित्रकूट

**बरामदगीः-**

(i).09 भैंस (02 भैंस, 03 पड़वा, 04 पड़िया)

(ii).पिकअप लोडर रजि0 नंबर यूपी0 96 टी 3524

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह थाना बरगढ़

2.आरक्षी हिमांशु पटेल

3.आरक्षी उमेश